OFSS के माध्यम से 11वीं कक्षा में नामांकन हेतु दिनांक 17 मई, 2023 से 26 मई, 2023 तक करें ऑनलाईन आवेदन

- बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा राज्य के शिक्षण संस्थानों में 11वीं कक्षा में Online Facilitation System for Students (OFSS) के माध्यम से नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन करने के लिए आज तिथि जारी किया गया।

- इस सम्बंध में श्री आनन्द किशोर, अध्यक्ष, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने बताया कि OFSS के माध्यम से 11वीं कक्षा में नामांकन हेतु विद्यार्थियों को दिनांक 17.05.2023 से 26.05.2023 तक ऑनलाईन आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

- अतः बिहार बोर्ड सहित CBSE, ICSE एवं देश के अन्य परीक्षा बोर्डों के मैट्रिक उत्तीर्ण एवं पात्र विद्यार्थी उक्त तिथि के अंतर्गत आवेदन करेंगे। विद्यार्थियों को सूचना देने एवं विस्तृत जानकारी देने हेतु समिति द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में दिनांक 16 मई, 2023 को विज्ञप्ति का प्रकाशन किया जाएगा।

- विद्यार्थियों द्वारा किये गए आवेदन, प्राप्त अंक एवं आरक्षण कोटि के आधार पर समिति द्वारा चयन सूची जारी किया जाएगा, जिसके आधार पर विद्यार्थी अपने आवंटित संस्थान में नामांकन लेंगे।